APPENDIX-XII

APPENDIX-XII

कार्यालय संयुक्त निदेशक फायर सर्विस मुख्यालय लखनऊ।

पत्रांक:स- 13/जे0डी0/फा0स0/लखनऊ-15(बुलन्द0)/392 दिनांक: जुलाई 14 2015

सेवा मे,

स्वामी/प्रबन्धक
मैसर्स पूरन सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट
(मैपल ग्रोव वर्ल्ड स्कूल) ग्राम-भसौला
गढ स्याना रोड तहसील स्याना बुलन्दशहर।

विषय: **मैसर्स पूरन सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा मैपल ग्रोव वर्ल्ड स्कूल के ग्राम-भसौडा गढ स्याना रोड तहसील स्याना जनपद बुलन्दशहर उ0प्र0 मे प्रस्तावित एजुकेशनल भवन के निर्माण हेतु प्रोवीजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र का निर्गत किया जाना।**

यूआईडी 2015/11571/बीएचआर/बुलन्दशहर/142/जेडी

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आवदेक द्वारा अपने प्रार्थना पत्र के साथ के माध्यम से प्रश्नगत औद्योगिक भवन के निर्माण हेतु मानचित्र एवं अन्य वांछनीय अभिलेख प्रस्तुत कर प्रोवीजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु की अपेक्षा की गई है।

उक्त के अनुपालन मे मानचित्रों एवं प्रस्तुत अभिलेखों का परीक्षण अग्निशमन अधिकारी जनपद बुलन्दशहर द्वारा किया गया तथा उनकी संस्तुति आख्या दिनाक 06-07-2015 का मुख्य अग्निशमन अधिकारी बुलन्दशहर एवं उपनिदेशक फायर सर्विस मेरठ द्वारा सुसगत मानकों के अनुसार परीक्षण किया गया तथा अपनी संस्तुति आख्याओ सहित पत्रावली को इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया जिसका विवरण निम्नवत है-

भवन की संरचना-

1-भूखण्ड एरिया-10210 वर्ग मी0 है।
2-प्रस्तावित भूतल कवर्ड एरिया-1,501 वर्ग मी0।
3-प्रथम कवर्ड एरिया-1,501.00 वर्ग मी0।
4-द्वितीय तल कवर्ड एरिया-1,010.00 वर्ग मी0।
5-भवन की ऊँचाई-11.95 मी0।

भवन का अधिभोग एवं हैजार्ड विवरण:- प्रस्तावित भवन का अधिभोग एन0बी0सी0 की बी0-शैक्षणिक भवन श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

ढांचागत व्यवस्था-

1- **पहुँच मार्ग** - भूखण्ड के सामने मानचित्रो मे 12 मी0 रोड की चौडाई अंकित की गई है।
2- **प्रवेश द्वार** - प्रस्तावित भवन मे प्रवेश द्वार जिनकी चौडाई-04.50 मी0 जो मानक के अनुसार है।
3- **सैटबेक** - प्रस्तावित भवन का सैटबेक निम्नवत है-
ए0-अग्रभाग-22.41 मी0।
बी0-पृष्ठ भाग-61.022 मी0।
सी0-पार्श्व भाग प्रथम-41.41 मी0।
डी0-पार्श्व भाग द्वितीय-11.34 मी0।

उपरोक्तानुसार प्रश्नगत भवन के सैटबेक एन0बी0सी0 एवं भवन निर्माण एवं विकास उपविधि अनुसार है जो सदैव अवरोध मुक्त रखे जाने जिसमे किसी प्रकार का स्थाई/अस्थायी निर्माण कार्य मान्य नही होगा।

4-**निकास मार्ग**- प्रस्तावित भवन मे 02 स्टेयरकेश जिनकी चौडाई 01.50 मीटर प्रस्तावित है। जिनकी फलोर के समस्त स्थानों से ट्रेवलिंग डिस्टेन्स अधिकतम अनुमन्य सीमा के अन्तर्गत है।

अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था- नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया-2005 के अनुसार प्राविधानित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था वॉंछनीय है।

1-**भूमिगत टैंक** प्रश्नगत भवन मे वॉंछनीय नही है।
2-**पम्प**- वॉंछनीय नही है।
3-**होजरील**-प्रस्तावित भवन मे होजरील लैण्डिंग वाल्व, की स्थापना मानको के अनुसार वॉंछनीय है।
4-**पैटराइजर**- वॉंछनीय नही है।
5-**यार्ड हाईड्रेन्टस**- वॉंछनीय नही है।
6-**आटोमेटिक डिडेक्शन एण्ड फायर एलार्म सिस्टम**- वॉंछनीय नही है।
7-**मैनुयल आपरेटिड इलैक्ट्रिक फायर एलार्म सिस्टम**- वॉंछनीय नही है।

Principal
Maple Grove World School
Siyana (Bulandshahr) UP

प्रबन्धक / Manager
सुनीता सिंह SUNITA SINGH
मैपल ग्रोव वर्ल्ड स्कूल
स्याना बुलन्दशहर
Maple Grove World School
Siyana (Bulandshahr)-UP

8–टेरिस टैंक:– प्रश्नगत भवन की टेरिस पर टेरिस टैंक 5,000 हजार ली0,एन0वी0सी0 के अनुसार वॉच्छनीय है:
9–टेरिस पम्प:– प्रश्नगत भवन की टेरिस पर टेरिस पम्प 450 एल0पी0एम0 एन0वी0सी0 के अनुसार वॉच्छनीय है।
10–प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर):– प्रस्तावित भवन मे निर्माण के उपरान्त फायर एक्सटिंग्यूशर आई0एस0–2190 के अनुसार वॉच्छनीय है।
11–एग्जिट साईनेज– प्रस्तावित भवन मे एग्जिट साईनेज की स्थापना निर्माण के उपरान्त एन0वी0सी0 मानक के अनुसार वॉच्छनीय है।

उपरोक्त के अतिरिक्त निर्माण कार्य के उपरान्त अग्निशमन व्यवस्थाओं को वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति के श्रोत से संयोजित किया जाना एवं इनके संचालन हेतु प्रशिक्षित स्टॉफ रखा जाना अनिवार्य होगा तथा प्रश्नगत भवन मे फायर ड्रिल, अग्निशमन पद्धति का अनुरक्षण व सावधि अग्नि सुरक्षा लेखा परीक्षा कराई जानी मानको के अनुसार वॉच्छनीय होगी।

अतः उपरोक्तानुसार उपनिदेशक, फायर सर्विस मेरठ, मुख्य/अग्निशमन अधिकारी बुलन्दशहर की संस्तुति आख्याओं के आधार पर मैसर्स पूरन सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट (मैपल ग्रोव वर्ल्ड स्कूल) ग्राम–भैसौडा गढ स्याना रोड तहसील स्याना जनपद बुलन्दशहर उ0प्र0 मे प्रस्तावित एजुकेशनल भवन के निर्माण हेतु प्रोवीजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र इस शर्त के साथ निर्गत की जाती है कि आवेदक द्वारा भवन/इकाई में अग्नि से सुरक्षा सम्बन्धी सभी प्राविधान भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 तथा नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया–2005 मे उल्लेखित मानको के अनुसार कराये जायेगे तथा भवन के निर्माणोपरान्त भवन का प्रयोग करने से पहले भवन में अग्नि से सुरक्षा व्यवस्थायें मानकों के अनुसार स्थापित कर उनका निरीक्षण/परीक्षण अग्निशमन विभाग से कराकर स्थाई अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा अन्यथा निर्गत किया जा रहा भवन निर्माण हेतु अस्थाई अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

संलग्नकः अनुमोदित मानचित्र।

(पी0के0राव)
संयुक्त निदेशक, फायर सर्विस,
फायर सर्विस मुख्यालय
उ0प्र0, लखनऊ

प्रतिलिपि: 1–उपनिदेशक, फायर सर्विस मेरठ परिक्षेत्र को सूचनार्थ।
2–मुख्य अग्निशमन अधिकारी बुलन्दशहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3–अग्निशमन अधिकारी बुलन्दशहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4–मैसर्स पूरन सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट (मैपल ग्रोव वर्ल्ड स्कूल) ग्राम–भैसौडा गढ स्याना रोड तहसील स्याना जनपद बुलन्दशहर को उक्त के सन्दर्भ मे अनुपालनार्थ।

Principal
Maple Grove World School
Siyana (Bulandshahr) UP

प्रबन्धक / Manager
सुनीता सिंह SUNITA SINGH
मेपल ग्रोव वर्ल्ड स्कूल
स्याना बुलन्दशहर
Maple Grove World School
Siyana (Bulandshahr) UP